संक्षिप्त

मुआवजा राशि दिये जाने की मांग

टोंक। मालपुरा उपखण्ड निवासी जगदीश गुर्जर ने जिला कलेक्टर टोंक डॉ. सौम्या झां को पत्र प्रेषित कर बताया कि उपखण्ड अधिकारी अमित चौधरी, तहसीलदार पवन कुमार, बीडीओं अभिमन्यु चौधरी द्वारा बिना किसी सूचना के मेरी खातेदारी भूमि जो सदरपुरा रोड बृजलाल नगर में स्थित है, जिसके खसरा न. 641/1726 है, को बिना सूचना दिये निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया गया तथा वहां मौजूद मेरी पत्नी से अभद्र भाषा व गांली गलौच कर, उसका हाथ पकडकर उसे गिरा दिया गया। मेरी पत्नी द्वारा दस्तावेज लिखाने के बाद भी अधिकारियों ने दंबगाई करते हुए निर्माण कार्य गिरा दिया, जबकी उपचुनाव के दोरान आचारसहिता में नापने का किसी प्रकार का सरकारी आदेश भी नही है। वही मेरी जमीन पर तारबन्दी में उगी चने की फसल को भी नष्ट कर दिया गया हैं। पीडित ने मुआवजा राशि दिये जाने की मांग की है।

पोषण सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन

निवाई। पंचायत समिति निवाई में विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष में बंधन कौनगर और जिला स्वच्छ भारत मिशन पंचायत परिषद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ एरिया को ऑर्डिनेटर लक्ष्मीनारायण कहार द्वारा संस्था का परिचय देते हुए किया। उन्होंने बताया कि बंधन कौनगर संस्था निवाई ब्लॉक में कोटक महेन्द्रा बैंक के वित्तीय सहयोग से गर्भवती और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए ईएनएचएएमसीई परियोजना का क्रियान्वयन कर रही है। इसी के चलते राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कि कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ द्वारा स्वच्छता के विषय में संस्था के कार्मिक और स्वास्थ्य कार्यकत्रा ग्रामीण समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से समूह चर्चा और स्वास्थ्य सभा का आयोजन करेंगे। मुख्य अतिथि सीबीईओ रमेशचन्द विजय, एईएन छोटेलाल मीणा, बीपीएम जयदीप नरूका व राजेश गुर्जर द्वारा विश्व शौचालय के बारे में तकनीकी जानकारी दी।

ए.डी.एम. ने ली बैठक

कोटपूतली। जिले में किसानों द्वारा पूर्व के वर्षों में कराये गये फसल बीमा के पेटे बकाया बीमा क्लेमस के निस्तारण हेतु एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग व बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें संयुक्त निदेशक (कृषि) महेंद्र कुमार जैन ने अवगत करवाया गया कि जिले में गत वर्षों के काफी संख्या में किसानों को बकाया बीमा राशि का भुगतान दस्तावेजों की कमी के कारण नहीं हो सका। बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के द्वारा बकाया बीमा क्लेमस के बारे में जानकारी दी गई। एडीएम ने बीमा कंपनी को बकाया बीमा क्लेम से संबंधित किसानों के आवश्यक दस्तावेजो की सूचना अतिशीघ्र कृषि विभाग को दिए जाने के निर्देश दिये। बैठक में बीमा कंपनी एसबीआई जनरल, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस एवं एआईसी कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

फुलेरा के रेल यात्रियों की सुविधाऐं बढ़ी

फुलेरा । रेलवे प्रशासन द्वारा स्थानीय दैनिक एवं आम रेल यात्रियों की सुविधा हेतु अजमेर-अमृतसर-अजमेर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रेल सेवाओं का आगामी आदेशों तक फुलेरा स्टेशन पर ठहराव किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने जानकारी देते हुए बताया कि गाडी संख्या 19611 अजमेर-अमृतसर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 23 नवम्बर को फुलेरा स्टेशन पर सायं 7:10 बजे आगमन एवं 7:12 बजे प्रस्थान करेगी।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

भागवत कथा के पांचवे दिन किया श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

पावटा। कर्मजोहडा रामपुरा खुर्द, बजरंगपुरा आंतेला में नवनिर्मित मंदिर में श्री श्री 1008 भगवान दास महाराज, श्री श्री 1008 भरत दास महाराज, श्री श्री 1008 गोपाल दास महाराज की असीम अनुकंपा व श्री श्री 108 महंत मंगलदास महाराज के सानिंध्य मे सोमवार को कर्मजोहडा सीताराम मंदिर मे भगवान सीताराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक वृंदावन धाम महंत सुदर्शनदास महाराज ने अपनी मधुर वाणी से सभी भक्तों- को कथा श्रवण कराते हुए श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है।



सुदर्शनदास महाराज कथा श्रवण कराते हुए श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया।

- परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है- सुदर्शन महाराज

पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड देवी देवताओं की सेवा हो जाती है।भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं।

इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपियों व बालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीड्क्त'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छडी लेकर दौडी आयीं। 'अच्छा खोल मुखा' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। आकाश, दिशाएं, पहाड, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सपूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जबूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यह ब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकडे। बडा विस्मय हुआ माता को। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं।-महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढो तो, तुम नहीं तुहारी आने वाली पीढी भी संस्कारी हो जायेगी।

सिंचाई के लिये आज छोड़ा जायेगा पानी

टोंक। बीसलपुर बांध की नहरों में सिचांई के लिये पानी छोड़ने को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बीसलपुर बांध परियोजना के अधीक्षण अभियंता वी.एस. सागर, अधिशाषी अभियंता मनीष बंसल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार समेत बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

दायीं व बायीं नहरों से प्रातः 9 बजे सिंचाई के लिये नहरों में पानी छोड़ने के लिये बीसलपुर बांध परियोजना के अधीक्षण अभियंता वी.एस. सागर को निर्देश दिये। बीसलपुर बांध के अधीक्षण अभियंता वी.एस. सागर ने बताया कि इस वर्ष अच्छी बारिश होने से बीसलपुर बांध पूर्ण रूप से भरा हुआ है।

मंगलवार, 19 नवंबर तक बीसलपुर बांध का गेज 315.45 मीटर एवं भराव 38.351 टीएमसी है। जिसके अनुसार 8.00 टीएमसी जल बांध की दायीं एवं बायीं नहरों द्वारा 105 दिवस तक फसलों में सिंचाई के लिए दिया जाना प्रस्तावित है।

प्रि लिटिगेशन लोक अदालत में 26 प्रकरणों का निस्तारण

दौसा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को विशेष प्रि लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें आपसी समझाईश से 26 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

- राष्टीय लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण लोक अदालत की भावना से किये जाने के निर्देश दिये

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव बृजेश कुमार, एएसपी लोकेश सोनवाल एवं एडीएम मनमोहन मीणा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव बृजेश कुमार ने बताया कि विशेष प्रि लिटिगेशन लोक अदालत हेतु दौसा जिले में जिला मुख्यालय एवं तालुका मुख्यालय पर न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की कुल 5 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया। आयोजित विशेष प्री लिटिगेशन लोक अदालत में लोक अदालत बैंच द्वारा पक्षकारों के मध्य बैंकों के क्रण वसूली के प्रकरणों में आपसी समझाईश कर कुल 26 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। उन्होने बताया कि 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली चतुर्थ राष्टीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकश सोनवाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मनमोहन मीणा के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल को राष्टीय लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों में पक्षकारों को जारी किये जाने वाले नोटिस की तामील समय पर करवाने हेतु निर्देश दिये गये तथा अतिरिक्त जिला कलेक्टर को राष्टीय लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण लोक अदालत की भावना से किये जाने के निर्देश दिये।

पूरे उत्साह से मतगणना करवाएं : जितेंद्र सिंह

अलवर। जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से रामगढ़ उपचुनाव की मतगणना प्रक्रिया में शामिल होने वाले सभी मतगणना अभिकर्ताओं (काउंटिंग एजेंट्स) का प्रशिक्षण कार्यक्रम होटल लेमोनेड में आयोजित किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह , विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत, राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीणा, एवं अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने की।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने सभी मतगणना अभिकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की आप पूरे उत्साह एवं सकारात्मकता से मतगणना करवाएं। सुबह समय पर मतगणना स्थल पर पहुंचे, आखिरी वोट की गिनती होने तक काउंटिंग टेबल को ना छोड़ें,फॉर्म 17-सी और ईवीएम के कुल वोटों की संख्या का मिलान करें एवं मिलान ना होने पर संबंधित अधिकारियों से आपत्ति दर्ज करवाएं।

रामगढ़ उपचुनाव की मतगणना प्रक्रिया में शामिल होने वाले सभी मतगणना अभिकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया ।

कार्यक्रम में रामगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी आर्यन जुबेर, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी पुष्पेंद्र धाबाई, जिला प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष अनूप शर्मा बबली, रामहेत जाटव, आदिल जुबेर, जय सिंह जाटव सहित समस्त मतगणना अभिकर्ता मौजूद रहे।

सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया

दौसा। उत्तर पश्चिम रेल्वे के जीएम अमिताभ ने मंगलवार को खातीपुरा रेल्वे स्टेशन से दौसा रेल्वे स्टेशन के मध्य सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। खातीपुरा से स्पेशल ट्रेन से आए जीएम अमिताभ पहले भांकरी स्टेशन पहुंचे। वहां निरीक्षण के बाद दौसा स्टेशन आए। उन्होंने कहा कि रेल सुरक्षा को लेकर खातीपुरा स्टेशन पर काम कर रहे हैं। इस दौरान जीएम के साथ डीआरएम विकास पुरवार, डीसीएम डॉ जगदीश, स्टेशन अधीक्षक कालूराम मीणा, आरपीएफ चौकी प्रभारी उदयवीर सिंह सहित दौसा का स्टाफ तैनात रहा। जीएम के दौरे को लेकर स्टेशन पर रेल कर्मचारी अलर्ट दिखाई दिए। सभी कर्मचारी वर्दी में नजर आए। बता दें कि रेल सुरक्षा को लेकर तैयार किए जा रहे नए सिस्टम से ट्रैक पर दुर्घटना की आशंका नहीं रहेगी ट्रैक पर गड़बड़ी दिखते ही ड्राइवर को पहले ही सचेत कर देगा।

शिक्षित व आत्मनिर्भर नारी ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकती हैं : राधा पटेल

कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को रानी लक्ष्मी बाई की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि रानी लक्ष्मी बाई का जीवन एवं चरित्र त्याग, बलिदान व संघर्ष का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने लक्ष्मी बाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने व जीवन के हर मोड़ पर हौंसला ना हारने के लिये छात्राओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करती राधा पटेल।

- कन्या महाविधालय में रानी लक्ष्मी बाई की जयंती मनाई
- 'आत्मनिर्भर नारी ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकती है। अतः हमें ना केवल लक्ष्मी बाई के नक्शे कदम पर चलते हुए शिक्षित होना'

पटेल ने कहा कि शिक्षित व आत्मनिर्भर नारी ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकती है। अतः हमें ना केवल लक्ष्मी बाई के नक्शे कदम पर चलते हुए शिक्षित होना है अपितु नवीन भारत को भी बनाना है। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ. आर.पी.गुर्जर ने रानी लक्ष्मी बाई के जीवन परिचय को बताते हुए छात्राओं से अपने हक के लिए आवाज उग्रने व अन्याय का प्रतिरोध करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यदि आप में संघर्ष का जज्बा है तो आप बिना किसी भय के बड़ी से बड़ी ताकत से टकरा सकते है। रानी लक्ष्मी बाई ने छोटी सी रियासत की स्वामीनी होते हुए भी ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती प्रदान की। छात्रा एरिन कुरैशी ने रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर रचित वीर रस की कविता का पाठ किया। डॉ. भावना चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। जबकि संचालन प्रो. विमल कुमार यादव ने किया। इस दौरान प्रो. बिशम्भर दयाल, डॉ. उदयवीर , डॉ. कमलेश यादव, प्रो. मनोज कुमार सैनी, प्रो. प्रतिभा पोसवाल, प्रो. चंचल कुमारी, प्रो. ओमप्रकाश कपूरिया, प्रो, प्रिया खंगरावत, प्रो. चन्द्रप्रभा, प्रो. यामिनी यादव, राकेश सुण्डा, रमेश कुमार गुर्जर समेत छात्रायें मौजूद रही।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे अभिभाष्या श्रीमती पल्लवी शर्मा पत्नी अभय दीक्षित जाति ब्राह्मण आयु 31 वर्ष, निवासी-691, सूर्यनगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर (राज.) 302015 जो कि श्रीमती माया कंवर पत्नी श्री रणवीर सिंह, आयु 43 वर्ष जाति राजपूत, निवासी-बी-104, सिंह भूमि, शिव मंदिर के पास, खातीपुरा, झोटवाडा, जयपुर-302012 के स्वामित्व के एक प्लाट संख्या प्लाट नम्बर 14, आवासीय योजना, ग्रीन ऐवन्यू, सुन्दरियाबास, कालवाड़ रोड, जयपुर (राजस्थान) को खरीदने का इकरारनामा मेरे अभिभाष्या के पक्ष में निष्पादित किया गया है। इसलिए सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध मे यदि किसी का कोई अधिकारी, स्वामित्व या अन्य कोई हित हो तो मेरे कार्यालय में सूचित करें, अन्यथा विक्रय पत्र निष्पादित के पश्चात कोई भी कानूनी कार्यवाही मान्य नहीं होगी सूचित रहे।
(अनूप पारिक) एडवोकेट
मो.? 9414207040

नाम परिवर्तन

मैं आर्मी नं. 3012312L NK RAJVEER GURJAR of UNIT 6 RAJPUT (10RR rajput) मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरी माता का नाम ROOPANTI DEVI एवं DOB 02.05.1968 है जो गलत है मेरी माता का सही नाम RUPANTI एवं DOB 01.01.1961है।

खोया-पाया

मेरे भूखण्ड सं.जी-176, योजना अभिनव विहार विस्तार जयपुर जेडीए की मूल रसीदें कहीं गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें। पूनम जायसवाल मोबाइल नंबर-8209644513

मैं लक्ष्मी नारायण HSBC मेरा बैंक का आई डी कार्ड कहीं खो गया है जिसे भी मिले सूचित करें-8209017244

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः4606 जाहिर आम-सूचना दिनांकः05.11.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 35/55 (MIG-A), (एरिया 90.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मंगल चन्द पुत्र श्री घिरंजी लाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 948 दिनांक 30.06.1997 को जारी किया गया। तत्पश्चात आवास का नियमितिकरण श्रीमती नन्द कंवर राठौड़ पुत्री श्री कल्याण सिंह राठौड़ के नाम पत्र क्रमांक 164/1482 दिनांक 08.11.2001 के द्वारा इनके नाम किया जाकर इनके पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक-अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहाँ दिनांक 12.06.2023 को पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती नन्द कंवर राठौड़ द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 12.06.2023 को श्रीमती रमा राठौड़ पत्नी श्री कुलदीप सिंह हाडा के नाम किया जाकर विक्रय पत्र उप पंजीयक - अष्टम, मानसरोवर, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती रमा राठौड़ द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 03.05.2024 को श्री जावेद अख्तर पुत्र श्री सुल्तान परवेज के नाम किया जाकर विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर- प्रथम, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री जावेद अख्तर पुत्र श्री सुल्तान परवेज का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती प्रेमलता शर्मा पत्नि स्व. श्री हनुमान सहाय जाति ब्राहम्ण निवासीः ग्राम खोरी, थाना शाहपुरा जिला जयपुर का छोटा पुत्र विजय शर्मा पुत्र स्व. श्री हनुमान सहाय जाति ब्राहम्ण निवासी- ग्राम खोरी, थाना शाहपुरा जिला जयपुर मेरी अभिभाष्या एवं अन्य परिवार हमारा भाई ताराचन्द शर्मा, श्रीमती अन्जू देवी पत्नि श्री ताराचन्द, श्रीमती संगीता देवी पत्नि श्री विजय कुमार तथा परिवार के किसी भी सदस्य के कहने मे नहीं है। परिवारजन की कोई बात नहीं मानता एवं मनमर्जी से दूसरों के कहे अनुसार मन चाहे अनर्गल कार्यों में लिप्त रहता है इसलिये मेरी अभिभाष्या एवं अन्य परिवारजन का विजय शर्मा पुत्र हनुमान सहाय के किसी प्रकार से कोई सरोकार नहीं है। जो कोई भी व्यक्ति विजय कुमार से किसी प्रकार से संव्यवहार लेनदेन किया है या भविष्य में करेगा तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी अभिभाष्या एवं अन्य परिवारजन की किसी प्रकार से कोई जिम्मेवारी नहीं होगी सूचित रहे।
(अरूण कुमार शर्मा) एडवोकेट
मो.? 9829567751

आम सूचना
मैं रतन खान पुत्र निजाम निवासी- 48, कच्ची बस्ती, नाड़ा, ठीकरिया, जयपुर (राज.) सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे प्लॉट संख्या 61, वीर तेजाजी नगर, अजमेर रोड, बगरू, तह.- सांगानेर, जिला- जयपुर का एक मूल "प्रोपर्टी विक्रय पत्र" जो कि मैसर्स कॉलोनाईजर्स एण्ड बिल्डर्स, जयपुर जरिये प्रोपराईटर महादेव पूनिया एवं रामू पुत्र छोटूराम निवासी जयसिंहपुरा, तहसील झोटवाड़ा, जिला जयपुर के मध्य दिनांक 26.10.2006 को उप पंजीयक, सांगानेर प्रथम, जयपुर के यहां पंजीबद्ध हुआ था। यह मूल विक्रय पत्र बगरू जिला जयपुर में कहीं गिरकर गुम हो गये हैं, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दिनांक 4.11.2024 ऑनलाइन राजस्थान पुलिस में दर्ज कर दी है जिसका LR No. 2451594/2024 है। जिसे भी उक्त मूल विक्रय पत्र मिले तुरन्त मुझसे सम्पर्क करें। यदि कोई व्यक्ति इस विक्रय पत्र का दुरुपयोग करेगा तो कानूनी कार्यवाही का भागी होगा। सूचित रहे।
भवदीय- रतन खान, मो. 9928523185

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे अभिभाष्य श्री अभय दीक्षित पुत्र श्री अशोक दीक्षित, जाति ब्राह्मण आयु 33 वर्ष, निवासी-691, सूर्यनगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर (राज.) जो कि श्री राजेश यादव पुत्र श्री भंवर लाल यादव, आयु 37 वर्ष जाति अहीर, निवासी-127, सरपंच की ढाणी, बीड़ हाथोज, कालवाड़ रोड, जयपुर के स्वामित्व के एक प्लाट संख्या 14-ए, आवासीय योजना, ग्रीन ऐवन्यू, सुन्दरियाबास, कालवाड़ रोड जयपुर (राजस्थान) को खरीदने का इकरारनामा मेरे अभिभाष्य के पक्ष में निष्पादित किया गया है। इसलिए सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी का कोई अधिकारी, स्वामित्व या अन्य कोई हित हो तो मेरे कार्यालय में सूचित करें, अन्यथा विक्रय पत्र निष्पादित होने के पश्चात कोई भी विरूद्ध कानूनी कार्यवाही मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।
(अनूप पारिक) एडवोकेट
मो.? 9414207040

NAME CHANGE
I chander legally wedded spouse of army 8021659 Ex LNK Late umrav S/o Prabhati lal R/o v post gopalpura teh. kotputli dist. jaipur. That have changed my name from CHANDER (DOB 29.07.1961) is wrong entered in service record To CHANDALI DEVI (DOB 01.01.1960)vide affidavit dated 30 oct 2024 before district notary Jaipur.

सिन्धु नगर को-ऑपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लि., जयपुर
1434, भूरा टीबा, बाबा हरिशचन्द्र मार्ग, जयपुर 302001
Ref No. SNCHS/2024/149 **आम सूचना** दि. 18/11/2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लक्ष्मी देवी पत्नी श्री रामजीलाल निवासी लाला का बाग, बाबड़ी, प्रतापगढ़, अलवर, राजस्थान ने समिति कार्यालय में शपथ-पत्र, एल.आर. नम्बर 2389571/2024 दिनांक 09/09/2024 को पुलिस थाना साईबर राजस्थान पुलिस में प्रस्तुत कर समिति की योजना रोहिणी विहार-ए, जयपुर में स्थित भूखण्ड संख्या 23ए, क्षेत्रफल 312.5 वर्गगज का डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी करने की प्रार्थना की है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था व अन्य को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवसो में समिति कार्यालय में ऐतराज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरे मियाद कोई ऐतराज स्वीकार नही होगा तथा डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिया जायेगा। (अध्यक्ष)

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण अशोक बोहरा पुत्र श्री मूल चन्द बोहरा एवं श्रीमती शशी शर्मा पत्नी अशोक शर्मा, निवासीगण ई-78, प्रेम नगर, झोटवाडा, जयपुर (राज.) का पुत्र कुलदीप उर्फ ऋषभ कुमार बोहरा उर्फ हनी व उसकी पत्नी झरना उर्फ सोनम मेरे अभिभाष्यगण के कहने मे नहीं है। इन्होंने मेरे अभिभाष्यगण को काफी परेशान कर रखा है। मेरे अभिभाष्यगण ने इनसे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति कुलदीप उर्फ ऋषभ कुमार बोहरा उर्फ हनी व उसकी पत्नी झरना उर्फ सोनम से किसी प्रकार का संव्यवहार या लेन-देन करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्यगण की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदार नहीं होगी। सूचित रहे। किशोर गोपालानी
दि. 20.11.2024 (एडवोकेट) 9829980040

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 2/2024
विषय :- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी-नाम : रामभजन मीना, हेमराज मीना, सुनीता मीना पुत्र स्व. रामकरण जाति मीना विवाद स्थान निवासी ग्राम सिया का बास, हिम्मतपुरा, तह. तुंगा जि. जयपुर मृतक रामप्यारी देवी मीना की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक .....
सर्व साधारण को सूचित कियाजाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम रामप्यारी देवी मीना पत्नि स्व. रामकरण जाति मीणा निवासी सिया का बास, हिम्मतपुरा, तुंगा जि. जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 4 माह 12 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 13 माह 11 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से
जिला एवं सेशन न्यायाधीश
बस्सी जयपुर महानगर प्रथम

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-4301 दिनांक-16/10/24
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 265/41 (MIG-A), (एरिया 99.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री सतीश कुमार भार्गव पुत्र श्री हरीनारायण भार्गव को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 5376 दिनांक 05.02.2009 को जारी किया गया। श्री सतीश कुमार भार्गव द्वारा श्री अनिल कुमार केडिया पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश केडिया को दिनांक 02.09.2009 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री अनिल कुमार केडिया के द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से श्री सतीश कुमार भार्गव के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक जयपुर-अष्टम, के यहाँ दिनांक 08.10.2009 को पंजीकृत करवाये गये। श्री अनिल कुमार केडिया द्वारा मुख्त्यारआम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 15.10.2009 के द्वारा श्री राजीव जैन पुत्र श्री त्रिलोक चन्द जैन के नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक जयपुर-षष्टम, के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री राजीव जैन के आवेदन करने पर कार्यालय आदेश क्रमांक 14189 दिनांक 03.03.2021 के द्वारा मण्डल रिकार्ड मे नाम दर्ज किया गया। श्री राजीव जैन द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 24.03.2021 को श्री नागेन्द्र मिश्र पुत्र श्री विश्वनाथ मिश्र के नाम किया जाकर विक्रय पत्र उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री नागेन्द्र मिश्र पुत्र श्री विश्वनाथ मिश्र का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नेखर 348/2024
चूंकि श्री अंशुमान ढड्ढा पुत्र श्री अशोक कुमार ढड्ढा निवासी ई-41, सिद्ध विला, गोकुल वाटिका जवाहर सेर्किल जे.एल.एन मार्ग, जयपुर दुर्गापुरा 302018 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत राजस्थान गौ सेवा संघ कार्य